राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण ने अपने हितधारकों के साथ एनएफआरए की भागीदारी बढ़ाने के परामर्श पत्र पर जनता और हितधारकों से टिप्पणियां/सुझाव मांगे हैं

Posted On: 08 JUN 2021 7:00PM by PIB Delhi

राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) ने विभिन्न प्रमुख हितधारकों के दृष्टिकोण से एनएफआरए को सुझाव देने करने के लिए एक तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) की स्थापना की है। टीएसी ने अपने हितधारकों के साथ एनएफआरए के साथ भागीदारी बढ़ाने की समीक्षा करने के लिए एक परामर्शी कवायद भी शुरू की है और अपनी मार्च, 2021 की रिपोर्ट में इसे बढ़ाने के तरीकों की सिफारिश की है। टीएसी ने इसके तहत सलाहकार/परामर्श समूहों के गठन, फेलोशिप कार्यक्रमों की संस्था, एनएफआरए की निरीक्षण नीति के प्रकाशन और एनएफआरए की नियामक क्षमता के निर्माण से संबंधित प्रमुख सिफारिशें की हैं।

एनएफआरए इस संबंध में टीएसी के बहुमूल्य योगदान को स्वीकार करता है। एनएफआरए ने अब एक परामर्श पत्र (https://www.nfra.gov.in/consultation_papers पर उपलब्ध) तैयार और प्रकाशित किया है। जिसमें टीएसी की सिफारिशों के आधार पर प्रारंभिक विचारों और प्रस्तावित कार्य योजना को शामिल किया गया है । इन सिफारिशों/विचारों/प्रस्तावों पर व्यापक हितधारक समूह और बड़े पैमाने पर जनता की टिप्पणियां/सुझाव प्राप्त करना का जरूरी समझा गया है । टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि **10 जुलाई, 2021** है। टिप्पणियाँ ईमेल द्वारा **Comments-tac.paper @nfra.gov.in** पर भेजी जा सकती हैं।

एनएफआरए के बारे में

राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) की स्थापना अक्टूबर 2018 में केंद्र सरकार द्वारा जनहित पब्लिक इंटरेस्ट एंटटी (पीआईई) के लिए भारतीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्रणाली में प्रणालीगत परिवर्तन लाने के मूल उद्देश्य के साथ की गई थी। एनएफआरए ने अपने जनहित के जनादेश को पूरा करने के लिए अपनी रणनीति में विभिन्न श्रेणियों के हितधारकों के साथ भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया है।

***

एमजी/एएम/पीएस/डीए

(Release ID: 1725443) Visitor Counter : 178

Read this release in: English , Urdu , Tamil